Bharat Temples

नगाड़ा नगाड़ा नगाड़ा भजा

फिर लहराई माँ की चुनरियाँ आये है नवराते,
घर घर ज्योत चली मैया की गली गली जगराते,
झूमो नाचो ऐसे भैया आ जाए मजा,
नगाड़ा नगाड़ा नगाड़ा भजा,

भाजे ढोल मंजीरे है देखो भाजे है खड़ताल,
नाच नाच आज सभी का बुरा हुआ है हाल,
आज खुशी का मौका आया बंदे न लजा,
नगाड़ा नगाड़ा नगाड़ा भजा,

सिंह चढ़ कर के आई भवानी नैना बरसे प्यार,
कोई नारियल भेट चढ़ावे कोई गले का हार,
श्रद्धा से चरणों में माँ के सिर को तू जुका,
नगाड़ा नगाड़ा नगाड़ा भजा,

कर सोलह शृंगार भवानी ओढे लाल चुनरियाँ,
सोहनी सोहनी लागे मैया लागे ना ही नजरियां,
मैया प्यारी प्यारी लागे किस ने दिया सजा,
नगाड़ा नगाड़ा नगाड़ा भजा,

होली और दिवाली भगतो दोनों आज मनाओ,
श्याम कहे शेरावाली का सब को लाड लड़ाओ,
जो कोई सामने आये उसको जम के तू नचा

नगाड़ा नगाड़ा नगाड़ा भजा,

Source: https://www.bharattemples.com/nagada-nagada-bja/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw